# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

NAAC A++

E.mail : registrar@ccsuniversity.ac.in

Website : ccsunivestiy.ac.in


पत्रांक :– पी०ए०/4645

दिनांक :– 20-12-2025

## कार्यालय आदेश

विश्वविद्यालय में सत्र 2025–2026 की विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं आयोजित हो रही हैं। ज्ञात हुआ है कि विश्वविद्यालय के कुछ शिक्षक, कक्ष निरीक्षक की ड्यूटी से बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहते हैं या प्रायः विलम्ब से उपस्थित हो रहे हैं, जिस पर माननीया कुलपति जी द्वारा गहन रोष प्रकट किया गया है।

माननीया कुलपति जी के आदेशानुसार सभी शिक्षकों से अपेक्षा है कि जिन शिक्षकों को परीक्षा में कक्ष निरीक्षक की ड्यूटी आवंटित हैं, वह कक्ष निरीक्षक की ड्यूटी हेतु परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा के समय से 30 मिनट पूर्व उपस्थित रहे एवं अपने कर्तव्यों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करना सुनिश्चित करें। अति आवश्यक परिस्थितयों में माननीया कुलपति जी द्वारा ही अवकाश स्वीकृत होगा। जो शिक्षक बिना किसी पूर्व सूचना के कक्ष निरीक्षक की ड्यूटी से अनुपस्थित रहेंगे/विलम्ब से उपस्थित होंगे, उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बंधित शिक्षक का होगा।

20.12.25

कुलसचिव

प्रतिलिपि –

01. प्रो० अतवीर सिंह, वरिष्ठ केन्द्र अधिक्षक, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
02. समस्त संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, निदेशक, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
03. समस्त शिक्षक, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
04. वैयक्तिक सहायक, कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ प्रेषित।
05. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
06. वैयक्तिक सहायक परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।

20.12.25

कुलसचिव